प्रादेषिक समाचार
आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 11.04.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–आज हर ओर **मेड इन इंडिया** की गूंज– भारतीय उत्पाद वैश्विक ब्रांड बन रहे हैं।
- जयपुर के रामगढ़ बांध में पानी लाने की कवायद शुरू–जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने उत्थान कार्यो का शिलान्यास किया।
- राज्य में कई स्थानों पर आंधी और हल्की बारिश–जयपुर, हनुमानगढ और नागौर जिले में ओले गिरे।
- महान शिक्षाविद और समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया गया।

..........

प्रधानमंत्री ने कहा है कि आज सब तरफ **मेड इन इंडिया** की गूंज सुनाई देती है। भारतीय उत्पाद वैश्विक ब्रांड बनते जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आज वाराणसी में विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय कला और प्रतिभा को तेजी से अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिल रही है। कई चीजों को जीआई टैग मिला है।

..........

श्री मोदी ने कहा कि पिछले दस सालों में देश में दूध उत्पादन में लगभग 65 प्रतिशत की बढोतरी हुई है। आज भारत दुनिया का सबसे बडा दूध उत्पादक देश है। उन्होंने कहा कि ये सफलता देश के लाखों किसानों और पशु पालको की है।

..........

जयपुर के रामगढ़ बांध में पानी लाने की कवायद शुरू हो गई है। आज बांध के मरम्मत और सौंदर्यकरण का काम शुरू किया गया। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत और जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने बांध की पाल पर मरम्मत कार्य का शिलान्यास किया। करीब ढाई करोड़ रूपये की लागत से पाल पर बनी दो किलोमीटर लम्बी सड़क को ठीक किया जायेगा। इसके साथ ही कन्ट्रोल रूम भवन की मरम्मत और डूब क्षेत्र तथा छतरी के सौदर्यीकरण के काम करवाये जायेंगे। इस अवसर पर श्री रावत ने कहा कि राम जल सेतु लिंक परियोजना के तहत रामगढ बांध को ईसरदा बांध से जोडा गया हैं। इसका उद्देश्य बांध तक पानी पंहुचाना है, जिससे क्षेत्र के जल संसाधन में सुधार हो सके और बांध में पानी की आवक सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि इन कामों से किसानों, पशुपालकों और ग्रामीणों को पानी की समस्या से निजात मिलेगी।

..........

केन्द्रीय मंत्री और अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव कल से सांसद संपर्क संवाद यात्रा शुरू कर रहे है। 14 अप्रैल तक चलने वाली इस यात्रा के दौरान वे अलवर की विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा करेंगे। इस दौरान श्री यादव आम लोगों से संवाद करेंगे। इसके साथ ही बजट घोषणाओं की क्रियान्विती और जनहित की अन्य योजनाओं की समीक्षा करेंगे।

..........

जयपुर में आज से राष्ट्रीय आरोग्य मेले की शुरूआत हुई। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में लगा ये मेला चार दिन चलेगा। केन्द्र सरकार के आयुष मंत्रालय और अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन की ओर से आयोजित इस मेले का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने किया। इस मौके पर श्री बैरवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अलग से आयुष मंत्रालय का गठन कर पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के बारे में घर—घर तक जागरूकता फैलाने की पहल की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आयुष को बढावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाये गये हैं।

..........

समारोह में आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने कहा कि आने वाली सदी आयुष पद्धतियों की है। उन्होंने कहा कि इन पद्धतियों पर लोगों का विश्वास लौटा है और पूरी दुनिया में इनकी मांग बढ़ी है। कार्यक्रम में देशभर से आए विशेषज्ञ विभिन्न तकनीकी सत्रों में विचार साझा करेंगे। साथ ही रोगियों का निशुल्क परीक्षण किया जा रहा है। अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन के संरक्षक पद्मभूषण वैद्य देवेंद्र त्रिगुणा ने आकाश्वाणी को बताया कि मेले में कुल 600 विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं।

..........

**राजस्थान जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा 2024** का आयोजन कल होगा। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से होने वाली ये परीक्षा दो पारियों में ली जायेगी। इस भर्ती प्रकिया के तहत जेल प्रहरियों के 803 पदों पर नियुक्ति की जायेगी।

..........

राज्य में दिन और रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री सैल्सियस की गिरावट आई है। कल से शुरू हुआ आंधी बारिश का दौर आज झालावाड़, नागौर, चूरू, कोटपूतली—बहरोड़ सहित कई जगह बना रहा। जयपुर, हनुमानगढ और नागौर जिले में ओले भी गिरे।

..........

तेज गर्मी और लू की समय से पहले ही दस्तक को देखते हुए मुख्यमंत्री ने सभी जिला कलेक्टर्स को कन्टीजेंसी प्लान के अनुसार 15 मई तक पेयजल प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

..........

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने आज दौसा में पेयजल व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पानी के लिहाज से अगले ढाई महीने काफी अहम है। गर्मी के मौसम को देखते हुए पानी और बिजली की आपूर्ति सुचारू रखनी होगी, जिससे आम लोगो को कोई परेशानी नही हो। श्री पंत ने इस दौरान प्रदेशभर के जलदाय विभाग के कार्मिकों की छुट्टी निरस्त करने के निर्देश दिए। विशेष परिस्थिति में जिला कलेक्टर की अनुमति से ही कार्मिकों को अवकाश मिल सकेगा। इस दौरान उन्होंने जिले में विभिन्न योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की।

..........

महान शिक्षाविद और समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर प्रदेशभर में उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया गया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जयपुर के मुहाना मंडी परिसर में महात्मा फुले की 198वें वी जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में शिरकत की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ज्योतिबा फुले ने भारतीय समाज को नई दिशा दी। उन्होंनें वंचितों को समानता का अधिकार दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। ज्योतिबा फुले ने शिक्षा की अलख जगाई। इसके साथ ही

महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने फल सब्जी व्यापारियों और बागवानी करने वाले किसानों के उत्थान के लिए अहम निर्णय किये हैं, जिसका लाभ आने वाले सालों तक प्रदेश को मिलता रहेगा।

...........

समारोह में उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत भी मौजूद रहे।

...........

हनुमान जयंती कल मनाई जायेगी। इसे लेकर मंदिरों में धार्मिक आयोजनों का सिलसिला शुरू हो गया हैं। इस उपलक्ष्य में कई स्थानों पर मेले भी भर रहे है। राजधानी जयपुर में हनुमान जयंती के मौके पर शोभायात्रा निकाली जायेगी। रामलीला मैदान से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भी शामिल होंगे। संत पीपा जयंती भी कल मनाई जायेगी।

...........

एन्टी गैंग्स्टर टास्क फोर्स–एजीटीएफ ने रोहित गोदारा गैंग के सहयोगी इलियास को सीकर से गिरफ्तार किया है। ये कार्यवाही एडीजी क्राइम दिनेश एमएन के नेतृत्व में संगठित अपराधों के खिलाफ चल रही मुहिम का हिस्सा है। इसे फतेहपुर के रामगढ सेठान से पकडा गया। इस पर लॉरेन्स विश्नोई, रोहित गोदारा गैंग के साथियों को दुबई में शरण देने का आरोप हैं।

...........